दिन–गुरूवार

दिनांक– 28 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधि – 05 मिनट

---

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने प्रधानमंत्री रेहड़ी–पटरी विक्रेता आत्मनिर्भर निधि – पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन को स्वीकृति दे दी है। मंत्रिमंडल ने इकतीस दिसंबर दो हजार चौबीस से आगे की अवधि के विस्तार का भी अनुमोदन किया। इसे अब इकतीस मार्च, दो हजार तीस तक बढ़ा दिया गया है। योजना का कुल परिव्यय सात हजार तीन सौ बत्तीस करोड़ रुपये है। इस पुनर्गठित योजना का लक्ष्य पचास लाख नए लाभार्थियों सहित एक करोड़ पंद्रह लाख लाभार्थियों को लाभ देना है, इस योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग पर संयुक्त रूप से रहेगी। मंत्रिमण्डल की आर्थिक कार्य समिति ने भागलपुर से जमालपुर तक तीसरी रेल लाईन के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसके निर्माण पर एक हजार एक सौ छप्पन करोड़ रूपये की लागत आयेगी। इस परियोजना को तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है। तीसरी रेललाईन के निर्माण हो जाने से इस मार्ग पर ट्रेन यात्रा सुगम होगी और माल ढुलाई की क्षमता भी बढ़ेगी।

---

प्रधानमंत्री जन धन योजना के आज ग्यारह वर्ष पूरे हो गए हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पन्द्रह अगस्त दो हजार चौदह को लाल किले की प्राचीर से इस पहल की घोषणा की थी। अट्ठाईस अगस्त को कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने इस अवसर को गरीबों की दुष्चक्र से मुक्ति का उत्सव बताया था।

---

राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां ने राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों और अंगीभूत महाविद्यालयों में प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए परिनियम को मंजूरी दे दी है। अब इन दोनों पदों के लिए चयन साक्षात्कार के जरिये होगा। इनकी नियुक्तियां बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की अनुशंसा पर की जायेंगी।

—————————————————————————

एनडीए के विधानसभावार कार्यकर्ता सम्मेलन का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। यह चरण तीस अगस्त तक चलेगा। कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए एनडीए नेताओं की चौदह टीमें बनायी गयी हैं। इस टीम में गठबंधन के सभी घटक दलों के नेता शामिल हैं। आज बरारी, पिपरा, बेलदौर, मोरवा, राजपुर, फारबिसगंज, गरखा और आरा में सम्मेलन होगा।

—————————————————————————

न्यायमूर्ति पी.बी. बजन्थरी पटना उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश होंगे। इस संबंध में केन्द्रीय विधि मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किये जाने के बाद न्यायमूर्ति पी.बी. बजन्थरी को कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

—————————————————————————

बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने भागलपुर के पीरपैंती में प्रस्तावित राज्य के सबसे बड़े बिजली घर के निर्माण को मंजूरी दे दी है। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि पीरपैंती में आठ सौ मेगावाट की तीन इकाई वाले ऊर्जा संयंत्र की स्थापना होगी। यहां से कुल दो हजार चार सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। श्री यादव ने कहा कि इस परियोजना के जरिये बिहार में अब तक का सबसे अधिक निवेश होगा।

—————————————————————————

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने पूरे देश के स्कूलों से पांच से पन्द्रह वर्ष के बच्चों के लिए समय पर आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने को कहा है। प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश कुमार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर इस पहल से अवगत कराया है।

—————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान मॉनसून की गतिविधि कमजोर रही। राज्य के उत्तर–मध्य भागों के कुछ स्थानों, उत्तर–पश्चिम, उत्तर–पूर्व, दक्षिण–मध्य और दक्षिण पूर्व भागों के एक या दो स्थानों में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की

गयी। मधुबनी जिले में सबसे अधिक तिरेपन दशमलव पांच मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।